# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 502 वर्ष 40

राँची, 31 मार्च, 2016


## सीएमडी ने मुख्य सचिव (झारखण्ड) को सम्मानित किया

विगत 29 मार्च को सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव माननीय श्री राजीव गौबा को ''सम्मान समारोह'' का आयोजन कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव श्री राजीव गौबा ने अपने संबोधन में कहा कि सी.सी. एल. का कोल क्षेत्र में देश के विकास में सराहनीय योगदान है। श्री गौबा ने कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयास से राज्य के विकास में कार्य हुआ है और इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर विशेष पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सी.सी.एल. के वृहद परिवार की ओर से माननीय श्री गौबा और उपस्थित झारखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड सरकार से विगत वर्षों में सतत सकारात्मक सहयोग मिलता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप सीसीएल प्रगति के पथ पर सतत अग्रसर है। इस सम्मान समारोह के आयोजन से समस्त कोयला–कर्मी आज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के सहयोग से विगत तीन वर्षों में भूमि का सत्यापन बहुत ही तेजी से हुआ है और वर्ष 2012–13 में 292 एकड़, वर्ष 2013–14 में 324 एकड़ 2014–15 में 1072 एकड़ और वर्ष 2015–16 में 10289 एकड़ भूमि का सत्यापन हुआ है जो अपने आप में अनूठा है और इससे कोयला उत्पादन में वृद्धि के साथ–साथ लोगों को परोक्ष–अपरोक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। श्री गोपाल सिंह ने फॉरेस्ट क्लीयरेंस एवं कानून व्यवस्था के सकारात्मक पहलू का भी जिक्र किया। श्री सिंह ने ''ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों के सर्वांगीण विकास'' के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड सरकार एवं सीसीएल के संयुक्त प्रयास से बने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में चयनित बच्चों को राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे समाज व राष्ट्र में अपना नाम रौशन कर सकेंगे और देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करेंगे। समारोह में उन्होंने विस्तार से सीसीएल के कायाकल्प योजनाओं की जानकारी दी।



मुख्य सचिव श्री एस गौबा को सम्मानित करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह

## सीसीएल वेबसाईट के नये प्रारूप का विमोचन

विगत 03 मार्च, 2016 को सीमएडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल वेबसाईट के नये प्रारूप का बटन क्लिक कर शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल वेबसाईट के इस नये प्रारूप से कंपनी को एक नया आयाम मिलेगा एवं नई छवि का निर्माण होगा।

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री सिंह ने उपस्थित कर्मियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सीसीएल का एक–एक कर्मी अपना काम बेहतर ढंग से राष्ट्रहित में कर रहा है और सीसीएल टीम पूरी तन्मयता के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगे बढ़ रही है।

समारोह में निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य सी.सी.एल. कर्मी उपस्थित थे।

## अंतर–ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता



सीएमडी श्री गोपाल सिंह खिलाड़ियों के संग

विगत 14 मार्च को सी.सी.एल. द्वारा आयोजित ''सी.सी.एल. अंतरग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता–2016'' का सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 32 ग्रामीण टीमों ने भाग लिया था जिसमें से तोपा की टीम विजेता रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने खिलाड़ियों से सीधे संवाद किया और उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा प्रोत्साहित किया।

श्री सिंह ने प्रतिभावान ग्रामीणों के खेल–कूद के साथ–साथ स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने ''युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर'' का भी उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण शिविर में मोबाईल रिपेयरिंग, हाउस वायरिंग, मोटर वायरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी दौरान 33 दिव्यांगों के बीच व्हील चेयर, हियरिंग एड, ट्राई साईकल आदि प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

उपरोक्त अवसर पर महाप्रबंधक (अरगडा), महाप्रबंधक (कुजू) तथा श्रमिक प्रतिनिधिगण के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा दर्शक उपस्थित थे।

## दैनिक ''प्रार्थना सभा'' में बोर्ड सदस्यों ने लिया भाग

विगत 13 मार्च को मुख्यालय में नियमित रूप से होने वाली ''प्रार्थना सभा'' में सीसीएल के बोर्ड सदस्य माननीय श्री आर.पी. गुप्ता (आई.ए.एस.) संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, श्री अशोक गुप्ता एवं श्री भारत भुषण गोयल ने भाग लिया। बोर्ड के सदस्यों ने सी.एम.डी श्री गोपाल सिंह द्वारा शुरू की गई इस अनोखी पहल की प्रशंसा की। अवसर पर श्री सिंह ने बोर्ड सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि इस ''प्रार्थना सभा'' के उपरांत सी.सी.एल. परिवार प्रतिदिन एक नये विचार और अपनी कार्यविधी में और ज्यादा सुधार लाने पर चर्चा भी करते हैं जहाँ कर्मी सीधे अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं।



प्रार्थना सभा में सीसीएल बोर्ड के सदस्यगण

## रजरप्पा में ''मेगा हेल्थ कैम्प''

विगत 21 मार्च को रजरप्पा क्षेत्र के सिल्वर जुबली अस्पताल में ''मेगा हेल्थ कैम्प–2016'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (कार्मिक), सी.सी.एल. ने किया। मुख्य अतिथि श्री महापात्र ने कहा कि सी.सी.एल. द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए ऐसे कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

''मेगा हेल्थ कैम्प'' में योग, दंत, त्वचा, हड्डी एवं सर्जरी, शिशु, रक्त जॉच केंद्र, एड्स जागरूकता के विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे जहाँ सी.सी.एल. के चिकित्सकों द्वारा रजरप्पा क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को चिकित्सीय सलाह दी गई एवं निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई।



मेगा हेल्थ कैम्प में दीप प्रज्ज्वलित करते निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र

## होली मिलन का आयोजन

विगत 22.03.2016 को होली की पूर्व संध्या पर मुख्यालय में होली मिलन उत्साह, उमंग और धूमधाम से मनायी गयी। कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी।



होली मिलन में निदेशक (कार्मिक), मुख्य सतर्कता पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी

कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद तथा विभिन्न विभागों के प्रमुख सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र एवं मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद ने सभी को होली की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी।

## 'योग शिविर'' का आयोजन

विगत 15 मार्च को सी.सी.एल. के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने गांधीनगर रिक्रियेशन क्लब में ''स्वस्थ शरीर और स्वस्थ विचार'' संदेश के साथ निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह शिविर सभी के लिए लाभदायक रहेगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर सीसीएल कर्मचारियों के साथ–साथ सभी आम–जन के लिए भी है और सभी इसका लाभ ले सकते हैं। अवसर विशेष पर अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह ने भी योग शिविर में भाग लिया।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)